दिन– शनिवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 13 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने उद्योगों के लिए आवश्यक भूमि और आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता में तेजी लाने के निर्देश दिये।

02. राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉक्टर दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा – राजस्व कार्यों की निगरानी के लिए हर जिले में एक तकनीकी टीम बनायी जायेगी।

03. भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने खाद्य पदार्थों और उनकी पैकेजिंग सामग्री में धातु की पिन और तारों के इस्तेमाल को तत्काल प्रभाव से बंद करने के निर्देश दिये।

04. और, दक्षिण–पश्चिम मॉनसून प्रदेश के सत्रह जिलों में पूरी तरह सक्रिय। किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, भागलपुर और बांका जिले में कुछ स्थानों में आज भारी बारिश की चेतावनी।

———————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि राज्य में विकसित किये जा रहे नये औद्योगिक क्षेत्रों और सेटेलाईट टाउनशिप योजनाओं को समय से पूरा किया जायेगा। उन्होंने उद्योग विभाग और नगर विकास एवं आवास विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिया कि उद्योगों के लिए आवश्यक भूमि और आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता में तेजी लाई जाए। श्री चौधरी ने कहा कि भूमि अधिग्रहण की सभी प्रक्रियाओं को तेजी से पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री ने निवेशकों को हर सम्भव सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश देते हुये विभिन्न विभागों के बीच आपसी समन्वय पर बल दिया।

———————————————

राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉक्टर दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा है कि राजस्व कार्यों की निगरानी के लिए हर जिले में एक तकनीकी टीम बनायी जायेगी। यह टीम मुख्यालय की आईटी टीम के साथ लगातार सम्पर्क में रहकर तकनीकी समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करेगी। राजस्व कार्यों की वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जिलावार समीक्षा के दौरान श्री जायसवाल ने यह निर्देश दिये। इधर, राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार और भूमि संबंधी अनियमितताओं के आरोप में आठ अंचलाधिकारियों और राजस्व कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मंजूरी दे दी है। पिछले एक महीने में राजस्व और भूमि सुधार विभाग के पचास अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गयी है।

———————————————

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण–एफएसएसएआई ने खाद्य पदार्थों और उनकी पैकेजिंग सामग्री में धातु की पिन और तारों के इस्तेमाल को तत्काल प्रभाव से बंद करने के निर्देश दिये हैं। प्राधिकरण ने कहा है कि केक की सजावट और मिठाई के डब्बों समेत अन्य खाद्य पैकेट में पिन या तार का इस्तेमाल उपभोक्ताओं की स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए गम्भीर खतरा बन रहा है। एफएसएसएआई के अनुसार जन स्वास्थ्य को देखते हुये खाद्य उत्पाद व्यापारियों को पैकेट में पिन और तार का उपयोग बंद करना चाहिए। इस निर्देश का उल्लंघन करने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

———————————————————

केन्द्रीय मंत्रिमंडल सचिव टी. वी. सोमनाथन ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के महानिदेशक अभिषेक सिंह के साथ नीट पुनर्परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान, डॉ सोमनाथन ने सभी संबंधित हितधारकों के बीच घनिष्ठ समन्वय के माध्यम से परीक्षा का सुचारू, पारदर्शी और सुरक्षित संचालन सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार, राज्य सरकारें और जिला प्रशासन नीट पुनर्परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए घनिष्ठ समन्वय में काम कर रहे हैं।

———————————————————

वहीं, एनटीए ने इक्कीस जून को होने वाली नीट यूजी पुनर्परीक्षा की परीक्षा अवधि को पंद्रह मिनट बढ़ाकर एक सौ पंचानवे मिनट कर दिया है। यह परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम सवा पांच बजे तक होगी। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

–––साउंड बाइट–––

संशोधित परीक्षा अवधि में अनिवार्य परीक्षा औपचारिकताओं के लिए आवश्यक समय शामिल है। एजेंसी ने कहा है कि यह सुधार पिछले कई वर्षों में उम्मीदवारों से प्राप्त प्रतिक्रिया के आधार पर किए गए हैं। इसके अलावा एजेंसी ने प्रश्न पत्र पुस्तिका के साथ दिए जाने वाली रफ शीट को दो पृष्ठ से बढ़ाकर चार कर दिया है। पुराने लेआउट के और सुविधाजनक होने की प्रतिज्ञा के बाद कुछ छात्रों, विशेष कर बाए हाथ से लिखने वाले छात्रों के लिए यह सुधार किया गया है। एनटीए ने कहा की परीक्षा डिजाइन में छोटे–छोटे सुधार भी एक महत्वपूर्ण परीक्षा के दौरान उम्मीदवारों के अनुभव पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। इसलिए निष्पक्षता और सुरक्षा के उच्चतम मानकों बनाए रखते हुए परीक्षा प्रक्रिया को अधिक सुविधाजनक और उम्मीदवार अनूकुल बनाने के उद्देश्य से यह उपाय लागू किए गए हैं। इसके साथ ही उम्मीदवारों को सलाह दी गई है कि वह प्रवेश पत्र और सूचना बुलेटिन में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढे और परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए परीक्षा कर्मचारियों के साथ सहयोग करें। आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

———————————————————

विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो – एएआईबी ने एयर इंडिया एआई–171 विमान दुर्घटना की जांच की प्रगति पर अंतरिम बयान जारी किया है। पिछले साल अहमदाबाद में हुई इस दुखद दुर्घटना को आज साल पूरा हो गया है। एएआईबी ने कहा है कि सभी जांच गतिविधियां पूरी होने और आवश्यक अंतरराष्ट्रीय समीक्षा के बाद अंतिम रिपोर्ट जारी की जाएगी। इधर, नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा है कि विमान दुर्घटना की जांच राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रक्रियाओं के अनुसार पेशेवर तरीके से की जा रही है।

बारहवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर इक्कीस जून को प्रदेशभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में राज्यस्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसके अलावा लोक भवन और उच्च न्यायालय परिसर में भी सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने बताया कि इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम –बढ़ती उम्र के लिए योग निर्धारित की गई है। इस थीम के माध्यम से लोगों को बढ़ती उम्र में बेहतर स्वास्थ्य, सक्रिय जीवनशैली और मानसिक संतुलन के लिए योग अपनाने को प्रेरित किया जाएगा।

---

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस में मनरेगा के तहत नौ सौ नब्बे करोड़ रूपये जारी किये गये हैं। उन्होंने कहा कि इस राशि से प्रदेश में संचालित हो रही मनरेगा योजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी आयेगी। श्री कुमार ने कहा कि केन्द्र सरकार ने सामग्री मद में तिहत्तर हजार पांच सौ छप्पन लाख रूपये और प्रशासनिक मद में बारह सौ तीन लाख रूपये आवंटित किये हैं।

---

मौसम विभाग ने कहा है कि दक्षिण–पश्चिम मॉनसून प्रदेश के सत्रह जिलों में पूरी तरह सक्रिय हो गया है। विभाग के अनुसार सुपौल, अररिया, किशनगंज, सहरसा, पूर्णियां, कटिहार, मधेपुरा, शिवहर, मधुबनी, दरभंगा, सीतामढ़ी, बेगूसराय, लखीसराय, बांका, मुंगेर, खगड़िया और भागलपुर जिलों में मॉनसून के प्रभाव से अच्छी बारिश हो रही है। इसके अलावा पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर और जमुई जिले के कुछ भागों में भी मॉनसून ने प्रवेश कर लिया है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज राज्य के पूर्वी, उत्तर–पश्चिमी, उत्तर–मध्य और दक्षिणी भागों में बारिश हो सकती है। इस दौरान किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, भागलपुर और बांका जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी है।

–––साउंड बाइट–––

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में पिछले बारह वर्षों में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के सिद्धांतों पर भारत में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। आकाशवाणी समाचार, इस अवसर पर ”बारह साल – विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के” नाम से विशेष श्रृंखला प्रस्तुत कर रहा है। आज हम

सरकार द्वारा सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध करने की दिशा में उठाए गए महत्वपूर्ण कदमों के बारे में बतायेंगे। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

---

केन्द्रीय महिला और बाल विकास मंत्रालय ने प्रदेश में इक्कीस नये पालना घर खोलने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। समाज कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना के अन्तर्गत नये पालना घर की स्थापना का प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भेजा गया था। प्रदेश में पहले से उनासी पालना घर संचालित हो रहे हैं।

---

प्रदेश के सभी छिहत्तर हजार से अधिक सरकारी विद्यालयों की जमीन का डाटा बैंक बनाया जायेगा। साथ ही विद्यालय भवनों और अन्य संरचनाओं की जानकारी एकत्र की जायेगी। शिक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार डाटा बैंक बनाने की जिम्मेवारी राजस्व और भूमि सुधार के विभाग के पूर्व अधिकारियों को सौंपी जायेगी।

---

पटना जिले के मसौढ़ी थाना क्षेत्र के मनीचक गांव में पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक अपराधी मारा गया है। नगर पुलिस अधीक्षक, पूर्वी –परिचय कुमार ने बताया कि अपराधियों की ओर से की गयी फायरिंग में मसौढ़ी के थानाध्यक्ष राहुल कुमार और दारोगा संजय कुमार घायल हुये हैं। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

---

आईसीसी महिला टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप के पहले मैच में मेजबान इंग्लैंड ने श्रीलंका को सत्तासी रनों से हरा दिया। बर्मिंघम के एजबेस्टन में पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने निर्धारित बीस ओवर में दो सौ उन्नीस रन बनाए। भारत का पहला मुकाबला कल चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होगा।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने मीडिया संवाद में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के बयान को सुर्खी बनाते हुये लिखा है– बिहार में भ्रष्टाचार कर कोई नहीं बच सकता।

दैनिक जागरण का शीर्षक है– नीट में छात्रों को मिलेंगे अतिरिक्त पन्द्रह मिनट।

दैनिक भास्कर ने खाड़ी युद्ध पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के बयान पर लिखा है– ईरान के साथ युद्ध खत्म, करार जल्द होगा।

प्रभात खबर ने मौसम की गतिविधियों को तरजीह देते हुये लिखा है– सूबे में मॉनसून ने पकड़ी रफ्तार। सत्रह जिलों में पहुंचा।

राष्ट्रीय सागर की सुर्खी है– अन्तरराष्ट्रीय शूटर जसपाल राणा का निधन।

आज अखबार लिखता है– बिना रेरा नम्बर के खरीदा फ्लैट या प्लॉट तो फंसेगा पैसा।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने उद्योगों के लिए आवश्यक भूमि और आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता में तेजी लाने के निर्देश दिये।

02. राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉक्टर दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा – राजस्व कार्यों की निगरानी के लिए हर जिले में एक तकनीकी टीम बनायी जायेगी।

03. भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने खाद्य पदार्थों और उनकी पैकेजिंग सामग्री में धातु की पिन और तारों के इस्तेमाल को तत्काल प्रभाव से बंद करने के निर्देश दिये।

04. और, दक्षिण–पश्चिम मॉनसून प्रदेश के सत्रह जिलों में पूरी तरह सक्रिय। किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, भागलपुर और बांका जिले में कुछ स्थानों में आज भारी बारिश की चेतावनी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।